Scottish Government
Riaghaltas na h-Alba

# अंग प्रत्यारोपण के पश्चात की देखभाल और सहायता पर सर्वेक्षण

**खुलने की तारीख:** **25 सितंबर 2023**

**बंद होने की तारीख:** **29 दिसंबर 2023**

## अवलोकन

मार्च 2021 में, स्कॉटिश सरकार ने अपनी Scotland के लिए दान एवं प्रत्यारोपण योजना: 2021-2026 प्रकाशित की।

इस योजना को स्कॉटिश डोनेशन एंड ट्रांसप्लांट ग्रुप (SDTG) के सदस्यों के साथ मिलकर विकसित किया गया था और इस योजना के द्वारा सात प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किए जाते हैं। इसकी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ता की सहायता करना और उसके बाद उसकी देखभाल करना।

यह सर्वेक्षण SDTG के एक कार्यकारी समूह द्वारा विकसित किया गया है और इसका उद्देश्य Scotland में प्रत्यारोपण सेवाओं के बारे में मरीजों के विचारों की एक नवीनतम तस्वीर प्राप्त करना है।

NHS राष्ट्रीय सेवा प्रभाग (NSD) Scotland में रहने वाले लोगों के लिए प्रत्यारोपण सेवाएं आयोजित करता है। 2020 में, NSD द्वारा किए गए एक रोगी सर्वेक्षण में कई ऐसे क्षेत्रों की पहचान की गई जहां किसी रोगी के अनुभव को बेहतर बनाया जा सकता है। इनमें प्रत्यारोपण इकाइयों, स्थानीय विशेषज्ञों, GP और रोगियों के बीच बात-चीत; सूचना और सलाह की उपलब्धता; तथा रोगियों एवं उनके परिवारों के लिए भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक सहायता तक पहुंच शामिल है।

महामारी के दौरान, कई सेवाओं ने मरीजों को देखने के लिए, दूरस्थ निगरानी और दूरस्थ/ऑनलाइन परामर्श की पेशकश जैसे नए तरीके अपनाए। हालाँकि इससे अस्पताल में अपॉइंटमेंट के लिए जाने की आवश्यकता कम हो गई, लेकिन इन परिवर्तनों से प्रत्यारोपण के रोगियों पर क्या प्रभाव रहा यह जानना महत्वपूर्ण है।

## आपके विचार महत्वपूर्ण क्यों हैं

किसी रोगी की प्रतिक्रिया यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हो जाती है कि क्या वाकई प्रत्यारोपण सेवाएं उनके रोगियों की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं या नहीं।

हम यह सर्वेक्षण ऐसे स्कॉटिश प्राप्तकर्ताओं के विचार जानने के लिए कर रहे हैं जिनका कोई ठोस अंग प्रत्यारोपित किया गया हो। इसमें वे लोग शामिल हैं जिनका निम्नलिखित में से किसी एक अंग का प्रत्यारोपण हुआ हो:

- हृदय
- फेफड़े
- किडनी
- यकृत
- अग्न्याशय
- अग्न्याशय-किडनी एक साथ
- आइलेट-किडनी एक साथ
- आइलेट कोशिकाएं

हम प्रत्यारोपण सेवाओं का उपयोग करने वाले रोगियों के अनुभवों और क्या कोई ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें सुधार की आवश्यकता है, के बारे में जानना चाहते हैं।

इसलिए कृपया इस सर्वेक्षण को केवल तभी पूरा करें यदि आप Scotland में रहते हैं और आपकी उम्र 16 वर्ष या उससे अधिक है साथ ही आपने किसी मृत या जीवित दाता से प्राप्त अंग को प्रत्यारोपित कराया है। या आप इसे किसी ऐसे व्यक्ति (जैसे परिवार के किसी सदस्य) की ओर से भी पूरा कर सकते हैं जिसका प्रत्यारोपण हुआ है, लेकिन वह स्वयं इस सर्वेक्षण को पूरा करने में सक्षम नहीं है।

हम इस सर्वेक्षण के निष्कर्षों को रेखांकित करते हुए एक रिपोर्ट तैयार करेंगे जिसे स्कॉटिश दान और प्रत्यारोपण समूह और प्रत्यारोपण इकाइयों के साथ साझा किया जाएगा। हमारा इरादा रिपोर्ट में किसी भी व्यक्तिगत सर्वेक्षण प्रतिक्रियाओं को शामिल करने का नहीं है; लेकिन कुछ विशेष टिप्पणियों या सुझावों को तभी शामिल किया जा सकता है, जब यह सुनिश्चित हो कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उनकी टिप्पणियों से न की जा सके।

यह रिपोर्ट स्कॉटिश डोनेशन एंड ट्रांसप्लांट ग्रुप पेज पर स्कॉटिश सरकार की वेबसाइट https://www.gov.scot/groups/scottish-donation-and-transplant-group पर भी प्रकाशित की जाएगी।

## सर्वेक्षण पूरा करना

इस सर्वेक्षण को पूरा होने में लगभग **10 - 15 मिनट** का समय लगेगा।

कृपया अपने स्वयं के अनुभव के आधार पर प्रश्नों का उत्तर दें, अथवा यदि आप किसी और की ओर से उत्तर दे रहे हैं, तो अंग प्रत्यारोपण के उनके अनुभव के आधार पर प्रश्नों का उत्तर दें।

यदि आपके एक से अधिक ठोस अंगों के प्रत्यारोपण हुए हैं, तो कृपया प्रत्येक प्रत्यारोपण के बारे में अपने अनुभव के लिए एक सर्वेक्षण पूरा करें।

इस सर्वेक्षण में छह अनुभाग और 31 प्रश्न हैं। **यदि आप नहीं चाहते हैं तो आपको सभी प्रश्नों का उत्तर देने की आवश्यकता नहीं है।**

## अनुभाग 1 - आपके बारे में

इस अनुभाग का उद्देश्य मरीजों की उम्र, लिंग, जातीय मूल, वे किस NHS बोर्ड क्षेत्र में रहते हैं, उन्होंने किस अंग(अंगों) का प्रत्यारोपण कराया है, आदि के बारे में जानकारी एकत्र करना है। हम यह जानकारी इसलिए एकत्र कर रहे हैं ताकि हम यह पता लगा सकें कि किसी व्यक्ति के लिए अधिक उपयुक्त सेवाएं कैसे प्रदान की जा सकती हैं।

## अनुभाग 2 - बात-चीत, शिक्षा और सलाह

यह अनुभाग मरीजों के प्रत्यारोपण के बारे में जानकारी प्राप्त करने और सलाह प्राप्त करने के तरीके जानने के अनुभवों के बारे में पता लगाने के लिए है। मरीजों, प्रत्यारोपण टीमों, स्थानीय विशेषज्ञों और GP के बीच एक अच्छा संवाद होना महत्वपूर्ण है।

## अनुभाग 3 - भावनात्मक/मनोवैज्ञानिक सहायता

यह अनुभाग यह पता लगाने के लिए है कि प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं और उनके सहयोगियों/परिवार के सदस्यों को किस प्रकार की भावनात्मक सहायता की आवश्यकता है, उन्हें क्या प्राप्त हुआ है, उनके लिए क्या सबसे अधिक मददगार रहा है तथा भविष्य में किस प्रकार की सहायता उपलब्ध होनी चाहिए।

यह समझने योग्य बात है कि आपके लिए भावनात्मक सहायता के पहलुओं के बारे में सोचना कठिन हो सकता है। यदि आपको लगता है कि आपको किसी पेशेवर व्यक्ति से बात करने की आवश्यकता है तो कृपया संपर्क करें:

| प्रत्यारोपित अंग | प्रत्यारोपण समन्वयक |
|---|---|
| • किडनी प्रत्यारोपण | **Renal Transplant Coordinators**<br>**Edinburgh Transplant Unit**<br>**0131 242 1728**<br>**loth.renaltxcoords@nhslothian.scot.nhs.uk** |
| • अग्न्याशय प्रत्यारोपण<br>• अग्न्याशय-किडनी एक साथ | **Mel Phillips**<br>**Transplant Coordinator**<br>**Edinburgh Transplant Unit**<br>**0131 242 2894**<br>**melanie.b.phillips@nhslothian.scot.nhs.uk** |
| • यकृत प्रत्यारोपण | **Liver Transplant Coordinators**<br>**Edinburgh Transplant Unit**<br>**0131 242 1721**<br>**SLTU@nhslothian.scot.nhs.uk** |
| • आइलेट कोशिका प्रत्यारोपण<br>• आइलेट-किडनी एक साथ | **Kirsty Duncan**<br>**Islet Cell Transplant Coordinator**<br>**Edinburgh Transplant Unit**<br>**0131 242 1730**<br>**kirsty.duncan@nhslothian.scot.nhs.uk** |
| • हृदय प्रत्यारोपण | **Golden Jubilee National Hospital**<br>**GJNH.Snahfsspecialistnurses@GJNH.scot.nhs.uk** |
| • फेफड़ों का प्रत्यारोपण | **Freeman Hospital**<br>**Newcastle**<br>**nuth.tccu2011@nhs.net** |

## अनुभाग 4 - प्रत्यारोपण केंद्र और यात्रा

इस अनुभाग में मरीजों के उनके प्रत्यारोपण केंद्र की यात्रा के अनुभवों के बारे में पता लगाया जाता है।

## अनुभाग 5 - प्रत्यारोपण के बाद की देखभाल

कोविड-19 महामारी ने सेवाएं प्रदान करने के तरीके को बदल दिया है, कई प्रत्यारोपण केंद्र क्लिनिक में फेस टू फेस अपॉइंटमेंट करने के विकल्प के रूप में 'नियर मी' या टेलीफोन परामर्श जैसे वीडियो परामर्श की पेशकश करते हैं। दूरस्थ परामर्श द्वारा प्रत्यारोपण के रोगियों के लिए सेवाओं तक उनकी पहुंच को बेहतर बनाया जा सकता है और अपॉइंटमेंट के लिए यात्रा करने की आवश्यकता को कम किया जा सकता है।

'नियर मी' एक गोपनीय और सुरक्षित सेवा है जो मरीजों को वीडियो कॉल का उपयोग करके उनके पूर्व-निर्धारित अपॉइंटमेंट में उपस्थित होने की अनुमति देती है।

यह अनुभाग प्रत्यारोपण रोगियों पर इन परिवर्तनों के प्रभाव का पता लगाता है और भविष्य में सेवाएं प्रदान करने के सर्वोत्तम तरीके पर विचार करता है।

## अनुभाग 6 - दूरस्थ निगरानी

प्रत्यारोपण के रोगियों की नियमित रूप से निगरानी की जानी चाहिए, जिसमें अंगों की कार्यप्रणाली की जांच करने के लिए रक्त परीक्षण और इम्यूनोसप्रेसेन्ट दवा के स्तर का परीक्षण भी शामिल है। इस अनुभाग के द्वारा प्रत्यारोपण के बाद की निगरानी के संबंध में मरीजों की प्राथमिकताओं का पता लगाया जाता है।

## आपके अधिकार

- आपको इस सर्वेक्षण में भाग लेने की आवश्यकता नहीं है
- आप जो भी हमें बताएंगे उसे हम निजी तौर पर रखेंगे
- आप अपने बारे में हमारे द्वारा रखी गई किसी भी जानकारी को देखने के लिए कह सकते हैं
- सर्वेक्षण समाप्त होने के बाद भी हम आपके बारे में जो कुछ भी जानते हैं और सर्वेक्षण में आपने जो कुछ भी कहा है उसे अपडेट करने या हटाने के लिए आप हमसे कह सकते हैं
- हमारे द्वारा प्रकाशित की जाने वाली किसी भी रिपोर्ट से कोई भी यह पता नहीं लगा पाएगा कि आप कौन हैं
- आप जो कुछ भी हमें बताएंगे उसका उपयोग हम केवल सेवाओं में सुधार के लिए शोध करने और अनुशंसाओं के लिए करेंगे

## इस सर्वेक्षण पर प्रतिक्रिया देना

हम इस सर्वेक्षण पर प्रतिक्रियाएं **29 दिसंबर 2023** तक आमंत्रित कर रहे हैं।

यदि आपको वैकल्पिक प्रारूप या किसी अन्य भाषा में सर्वेक्षण की एक प्रति की आवश्यकता है, तो कृपया organ_donation_scotland@gov.scot पर ईमेल करें या अपनी प्रत्यारोपण इकाई से संपर्क करें।

हम आपके व्यक्तिगत डेटा को कैसे प्रबंधित करते हैं, यह जानने के लिए कृपया पृष्ठ 7 पर दी गयी हमारी गोपनीयता सूचना देखें।

### आपके डेटा को कैसे संग्रहीत किया जाएगा

सभी प्रकार का प्रतिक्रिया डेटा (व्यक्तिगत डेटा को छोड़कर) को हमारे रिकॉर्ड के लिए अनिश्चित काल तक रखा जाता है। हालाँकि स्कॉटिश सरकार की डेटा प्रबंधन नीति के लिए आवश्यक है कि आपकी प्रतिक्रिया को तीन वर्ष से अधिक समय तक नहीं रखा जाए और यह उम्मीद की जाती है कि व्यक्तिगत प्रतिक्रियाओं को सुरक्षित रूप से हटा दिया जाएगा ताकि किसी भी व्यक्तिगत जानकारी को आवश्यकता से अधिक समय तक न रखा जाए।

**इस सर्वेक्षण को पूरा करने के लिए आपका समय देने के लिए धन्यवाद।**

# अंग प्रत्यारोपण के पश्चात की देखभाल और सहायता पर सर्वेक्षण

**हम कौन हैं**
हम स्कॉटिश सरकार में जनसंख्या स्वास्थ्य निदेशालय के अंतर्गत कार्य करने वाली अंग और ऊतक दान और प्रत्यारोपण नीति टीम हैं। हमारा मुख्य कार्यालय St Andrew's House, 2 Regent Road, Edinburgh EH1 3DG में स्थित है।

**हमें किस प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी की आवश्यकता है और क्यों?**
हम Scotland में ठोस अंग के प्रत्यारोपण(ओं) के प्राप्तकर्ताओं से प्रत्यारोपण के बाद की देखभाल और सहायता के बारे में उनके अनुभवों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए कह रहे हैं।

यह जानने के लिए कि क्या प्रत्यारोपण सेवाएं वाकई अपने रोगियों की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं, इन विचारों को प्राप्त करना आवश्यक है। इस सर्वेक्षण से जनता को लाभ मिलेगा क्योंकि इसकी प्रतिक्रियाओं से उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी जहां किसी रोगी के अनुभव को बेहतर बनाया जा सकता है और सेवा में सुधार किया जा सकता है।

यह सर्वेक्षण किसी भी व्यक्ति के लिए पूरा करना पूरी तरह से वैकल्पिक है और यदि आप नहीं चाहते हैं तो आपको सभी प्रश्नों का उत्तर देने की आवश्यकता नहीं है।

**आपके डेटा को संसाधित करने का हमारा वैध आधार क्या है?**
जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (GDPR) का अनुच्छेद 6(1)(e) प्रसंस्करण के लिए वैध आधार प्रदान करता है जहां "सार्वजनिक हित में या नियंत्रक में निहित आधिकारिक अधिकार के प्रयोग में किए गए कार्य के प्रदर्शन के लिए प्रसंस्करण आवश्यक है।"

**हम आपके डेटा के साथ क्या करते हैं**
हम ऑनलाइन सर्वेक्षण, या ईमेल या पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत किए गए प्रश्नों पर आपकी प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण करेंगे। हम प्राप्त जानकारी की एक रिपोर्ट संकलित करेंगे जो उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद करेगी जहां मरीजों के लिए सेवाओं को बेहतर बनाया जा सकता है और सेवा में सुधार किया जा सकता है। हमारा इरादा रिपोर्ट में किसी भी व्यक्तिगत सर्वेक्षण प्रतिक्रियाओं को शामिल करने का नहीं है; लेकिन कुछ विशेष टिप्पणियों या सुझावों को तभी शामिल किया जा सकता है, जब यह सुनिश्चित हो कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उनकी टिप्पणियों से न की जा सके।

जहां व्यक्तिगत डेटा सिटीजन स्पेस, स्कॉटिश सरकार के ऑनलाइन सर्वेक्षण उपकरण, या ईमेल या पत्र के माध्यम से प्राप्त होता है, वहां आवश्यक जानकारी केवल सर्वेक्षण को सूचित करने के लिए निकाली जाएगी। कोई भी जानकारी, जैसे नाम या ईमेल पता, जो किसी व्यक्ति की पहचान कर सकती है, को तुरंत हटा दिया जाएगा क्योंकि यह प्रतिक्रियाओं के हमारे विश्लेषण के लिए आवश्यक नहीं है।

## हम आपका डेटा कैसे और कितने समय तक संग्रहीत करते हैं

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को केवल न्यूनतम आवश्यक समय तक ही रखते हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षित सर्वर पर सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जाए।

किसी भी व्यक्तिगत डेटा की समीक्षा अधिकतम 12 महीनों के बाद की जाएगी ताकि यह देखा जा सके कि क्या इसे सुरक्षित रूप से हटाया जा सकता है। किसी भी सांख्यिकीय जानकारी और गैर-रोगी पहचान योग्य टिप्पणियों को लंबे समय तक रखा जाएगा।

यह सर्वेक्षण **25 सितंबर – 29 दिसंबर 2023** तक चलेगा। सर्वेक्षण के निष्कर्षों की रिपोर्ट (जिसमें ऐसा डेटा या टिप्पणियां शामिल नहीं होंगी जो उत्तरदाताओं की पहचान व्यक्तिगत रूप से कर सकती हैं) स्कॉटिश डोनेशन एंड ट्रांसप्लांट ग्रुप को अप्रैल 2024 में उनकी बैठक में स्कॉटिश सरकार की वेबसाइट https://www.gov.scot/groups/scottish-donation-and-transplant-group पर स्कॉटिश डोनेशन एंड ट्रांसप्लांट ग्रुप पेज पर प्रकाशित किया जाएगा।

## आपके अधिकार क्या हैं

आपके पास एक सब्जेक्ट एक्सेस रिक्वेस्ट (SAR) https://www.gov.scot/publications/subject-access-request-form बनाकर हमारे पास मौजूद आपके किसी भी व्यक्तिगत डेटा तक पहुंच का अधिकार है।

इसके अतिरिक्त, यदि आपको लगता है कि हमारे पास जो डेटा है वह गलत या अधूरा है तो आप हमें organ_donation_scotland@gov.scot पर संपर्क करके हमारे रिकॉर्ड अपडेट करने के लिए कह सकते हैं।

अपने व्यक्तिगत डेटा पर आपके अधिकारों के बारे में और अधिक जानने के लिए, कृपया ICO वेबसाइट https://ico.org.uk/for-the-public पर जाएं।

## शिकायतें

यदि आप व्यक्तिगत डेटा को संभालने के हमारे तरीके से असंतुष्ट हैं, तो सबसे पहले आप हमारे डेटा सुरक्षा अधिकारी के समक्ष अपने संदेह व्यक्त कर सकते हैं। आप यह DataProtectionOfficer@gov.scot पर ई-मेल द्वारा कर सकते हैं या यहां लिख सकते हैं:

Data Protection Officer
Victoria Quay
Commercial Street
Edinburgh, EH6 6QQ

यदि आपको लगता है कि हम आपकी शिकायत का समाधान करने में असमर्थ हैं या अनिच्छुक हैं, तो आपको UK में डेटा सुरक्षा नियामक, सूचना आयुक्त कार्यालय (ICO) के पास शिकायत दर्ज करने का अधिकार है:

The Information Commissioner
Wycliffe House
Water Lane
Wilmslow
Cheshire, SK9 5AF
टेलीफोन: 08456 30 60 60

https://ico.org.uk/concerns/handling/

# अंग प्रत्यारोपण के बाद की देखभाल और सहायता सर्वेक्षण

**इस सर्वेक्षण में सभी प्रश्न वैकल्पिक हैं और यदि आप नहीं चाहते हैं तो आपको उनमें से किसी का भी उत्तर देने की आवश्यकता नहीं है।**

## अनुभाग 1

### आपके बारे में

इस अनुभाग का उद्देश्य मरीजों की उम्र, लिंग, जातीय मूल, वे कहां रहते हैं, उनके कौन से अंग प्रत्यारोपित हुए हैं, आदि के बारे में जानकारी एकत्र करना है। हम यह जानकारी इसलिए एकत्र कर रहे हैं ताकि हम यह पता लगा सकें कि किसी व्यक्ति के लिए अधिक उपयुक्त सेवाएं कैसे प्रदान की जा सकती हैं।

1. **पिछले जन्मदिन पर आपकी उम्र क्या थी?**

   अपना उत्तर नीचे दिए गए बॉक्स में दें

   | |
   |---|
   | |

2. **आपका लिंग क्या है?**

   **यदि आप विचार कर रहे हैं कि उत्तर कैसे दिया जाए, तो अपने किसी कानूनी दस्तावेज़ जैसे कि जन्म प्रमाण पत्र, लिंग पहचान प्रमाणपत्र, या पासपोर्ट पर दर्ज लिंग का उपयोग करें।**

   महिला ○ पुरुष ○ बताना पसंद नहीं करते हैं ○

3. **क्या आप स्वयं को ट्रांस मानते हैं या आपका ट्रांस इतिहास रहा है?**

   नहीं ○ हाँ ○ बताना पसंद नहीं करते हैं ○

   यदि आप चाहें, तो कृपया अपनी ट्रांस स्थिति का वर्णन करें (उदाहरण के लिए गैर-बाइनरी, ट्रांस पुरुष, ट्रांस महिला):

   | |
   |---|
   | |

**4. आपका जातीय समूह कौन सा है?**

- स्कॉटिश ○
- अन्य ब्रिटिश ○
- आइरिश ○
- जिप्सी/यात्री ○
- पोलिश ○
- कोई भी मिश्रित या बहु जातीय समूह ○
- पाकिस्तानी, पाकिस्तानी स्कॉटिश या पाकिस्तानी ब्रिटिश ○
- भारतीय, भारतीय स्कॉटिश या भारतीय ब्रिटिश ○
- बांग्लादेशी, बांग्लादेशी स्कॉटिश या बांग्लादेशी ○
- ब्रिटिश ○
- चीनी, चीनी स्कॉटिश या चीनी ब्रिटिश ○
- अफ्रीकी, अफ्रीकी स्कॉटिश या अफ्रीकी ब्रिटिश ○
- कैरेबियन, कैरेबियन स्कॉटिश या कैरेबियन ब्रिटिश ○
- काला, काला स्कॉटिश या काला ब्रिटिश ○
- अरब, अरब स्कॉटिश या अरब ब्रिटिश ○
- अन्य जातीय समूह (कृपया नीचे दिये गये बॉक्स में लिखें) ○
- बताना पसंद नहीं करते हैं ○

**यदि आपने 'अन्य' चुना है, तो कृपया अपनी प्रतिक्रिया यहां लिखें**

| |
|---|
| |

**5. आप किस NHS बोर्ड क्षेत्र में रहते हैं?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| NHS आयरशायर और एरान | ○ | NHS बॉर्डर्स | ○ |
| NHS डमफ्रीज और गैलोवे | ○ | NHS फिफ | ○ |
| NHS फोर्थ वैली | ○ | NHS ग्रैम्पियन | ○ |
| NHS ग्रेटर ग्लासगो और क्लाइड | ○ | NHS हाईलैंड | ○ |
| NHS लनार्कशायर | ○ | NHS लोथियन | ○ |
| NHS ऑर्कनी | ○ | NHS शेटलैंड | ○ |
| NHS टेसाइड | ○ | NHS पश्चिमी द्वीप समूह | ○ |

**6. आपने कौन सा अंग प्रत्यारोपित कराया है?**
**(कृपया ध्यान दें कि यदि आपके एक से अधिक ठोस अंगों के प्रत्यारोपण हुए हैं, तो आपको प्रत्येक प्रत्यारोपण के बारे में अपने अनुभव के लिए एक सर्वेक्षण पूरा करना चाहिए)।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| हृदय | ○ | फेफड़े | ○ |
| किडनी | ○ | यकृत | ○ |
| अग्न्याशय | ○ | आइलेट कोशिकाएं | ○ |
| अग्न्याशय-किडनी एक साथ | ○ | आइलेट-किडनी एक साथ | ○ |

**क्या आपका किसी अन्य प्रकार का अंग प्रत्यारोपण हुआ है?**

| |
|---|
| |

**7. आपके प्रत्यारोपण को कितने वर्ष हो गए हैं?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 वर्ष से कम | ○ | 1 - 3 वर्ष | ○ |
| 3 - 5 वर्ष | ○ | 5 वर्षों से अधिक | ○ |

**8. आप अपने प्रत्यारोपण के लिए कितने समय से प्रतीक्षा सूची में थे?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 वर्ष से कम | ○ | 1 - 3 वर्ष | ○ |
| 3 वर्ष से अधिक | ○ | | |

## अनुभाग 2

**बात-चीत, शिक्षा और सलाह**

यह अनुभाग मरीजों के प्रत्यारोपण के बारे में जानकारी प्राप्त करने और सलाह प्राप्त करने के तरीके जानने के अनुभवों के बारे में पता लगाने के लिए है। मरीजों, प्रत्यारोपण टीमों, स्थानीय विशेषज्ञों और GP के बीच एक अच्छा संवाद होना महत्वपूर्ण है।

**यदि आप इस विषय पर और टिप्पणियाँ जोड़ना चाहते हैं, तो आप इन्हें प्रश्न 16 (इस अनुभाग के अंत में) पर फ्री टेक्स्ट बॉक्स में जोड़ सकते हैं।**

**9. <u>आपके प्रत्यारोपण से पहले</u> स्वास्थ्य देखभाल टीमों ने आपसे कितनी अच्छी तरह बातचीत की?**

**रेफरल प्रक्रिया के दौरान**

| | खराब | औसत से कम | औसत | अच्छी | बहुत बढ़िया | लागू नहीं है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आपके **GP** के साथ बातचीत | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| **स्थानीय रेफरिंग टीम** के साथ बातचीत | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

**जब आपका मूल्यांकन किया जा रहा था**

| | खराब | औसत से कम | औसत | अच्छी | बहुत बढ़िया | लागू नहीं है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **प्रत्यारोपण टीम** के साथ बातचीत | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

**जब आप प्रतीक्षा सूची में थे**

| | खराब | औसत से कम | औसत | अच्छी | बहुत बढ़िया | लागू नहीं है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **प्रत्यारोपण टीम** के साथ बातचीत | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| **स्थानीय रेफरिंग टीम** के साथ बातचीत | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| आपके **GP** के साथ बातचीत | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

**10.** **<u>आपके प्रत्यारोपण के बाद</u> स्वास्थ्य देखभाल टीमों ने आपसे कितनी अच्छी तरह बातचीत की?**

| | खराब | औसत से कम | औसत | अच्छी | बहुत बढ़िया | लागू नहीं है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले वर्ष में **प्रत्यारोपण टीम** के साथ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| प्रथम वर्ष के अंत से लेकर आज तक **प्रत्यारोपण टीम** के साथ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| प्रथम वर्ष के अंत से लेकर आज तक **स्थानीय रेफरिंग टीम** के साथ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| प्रथम वर्ष के अंत से लेकर आज तक **आपके GP** के साथ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

**11.** **क्या आप कोई सलाह लेने के लिए अपनी प्रत्यारोपण टीम से संपर्क करने में सक्षम हैं?**

| | हाँ | नहीं | पता नहीं |
|---|---|---|---|
| टेलीफोन द्वारा | ○ | ○ | ○ |
| ईमेल द्वारा | ○ | ○ | ○ |
| किसी पोर्टल या वेबसाइट का उपयोग करके | ○ | ○ | ○ |

**12.** **क्या आपको लगता है कि <u>आपके प्रत्यारोपण से पहले</u> आपको अपनी प्रत्यारोपण टीम से पर्याप्त सूचना/जानकारी प्राप्त हुई थी?**

| | खराब | औसत से कम | औसत | अच्छी | बहुत बढ़िया | लागू नहीं है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रेफरल प्रक्रिया के दौरान | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| जब आपका मूल्यांकन किया जा रहा था | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| जब आप प्रतीक्षा सूची में थे | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

**क्या यह जानकारी समझने में आसान थी?**

| हाँ | नहीं | लागू नहीं है |
|---|---|---|
| ○ | ○ | ○ |

**13. क्या आपको लगता है कि आपके प्रत्यारोपण के बाद आपको अपनी प्रत्यारोपण टीम से पर्याप्त सूचना/जानकारी प्राप्त हुई थी?**

| | खराब | औसत से कम | औसत | अच्छी | बहुत बढ़िया | लागू नहीं है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष में | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| प्रथम वर्ष के अंत से लेकर आज तक | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

**क्या यह जानकारी समझने में आसान थी?**

| हाँ | नहीं | लागू नहीं है |
|---|---|---|
| ○ | ○ | ○ |

**14. क्या आप प्रत्यारोपण के साथ के जीवन के बारे में ऑनलाइन उपलब्ध जानकारी से अवगत हैं?**

| हाँ | नहीं |
|---|---|
| ○ | ○ |

**यदि हां, तो कृपया हमें बताएं कि यह जानकारी आपको कितनी उपयोगी लगी।**

| | **अनुपयोगी** | **न तो उपयोगी और न ही अनुपयोगी** | **उपयोगी** | **लागू नहीं है** |
|---|---|---|---|---|
| NHS रक्त एवं प्रत्यारोपण वेबसाइट | ○ | ○ | ○ | ○ |
| प्रत्यारोपण केंद्र की वेबसाइट | ○ | ○ | ○ | ○ |
| स्थानीय अस्पताल की वेबसाइट | ○ | ○ | ○ | ○ |
| रोगी सहायता समूह | ○ | ○ | ○ | ○ |
| धर्मार्थ सहायता समूह | ○ | ○ | ○ | ○ |

**15. कृपया कोई भी अन्य ऑनलाइन संसाधन साझा करें जिसके बारे में आप जानते हों जो प्रत्यारोपण के साथ जीवन जीने के बारे में जानकारी प्रदान करता हो।**

**16. सूचना और सलाह को और अधिक आसानी से कैसे उपलब्ध कराया जा सकता है?**

## अनुभाग 3

**भावनात्मक/मनोवैज्ञानिक सहायता**

यह अनुभाग यह पता लगाने के लिए है कि प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं और उनके सहयोगियों/परिवार के सदस्यों को किस प्रकार की भावनात्मक सहायता की आवश्यकता है, उन्हें क्या प्राप्त हुआ है, उनके लिए क्या सबसे अधिक मददगार रहा है तथा भविष्य में किस प्रकार की सहायता उपलब्ध होनी चाहिए।

**17. क्या आपको लगता है कि स्वास्थ्य देखभाल टीम से आपको जो सहायता प्राप्त हुई है, वह आपके प्रत्यारोपण से पहले की आपकी भावनात्मक/मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं को पूरा करती है?**

| | पूरी तरह से असहमत | असहमत | ना तो सहमत ना ही असहमत | सहमत | पूरी तरह से सहमत | लागू नहीं है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्थानीय रेफरिंग टीम से सहायता रेफरल प्रक्रिया के दौरान | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| प्रत्यारोपण टीम से सहायता आपके मूल्यांकन के दौरान | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| प्रत्यारोपण टीम से सहायता आपके प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची में रहने के दौरान | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

**18. क्या आपको लगता है कि प्रत्यारोपण टीम से आपको जो सहायता प्राप्त हुई है, वह आपके प्रत्यारोपण के बाद की आपकी भावनात्मक/मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं को पूरा करती है?**

| | पूरी तरह से असहमत | असहमत | ना तो सहमत ना ही असहमत | सहमत | पूरी तरह से सहमत | लागू नहीं है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष में | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| प्रथम वर्ष के अंत से लेकर आज तक | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

**19. क्या आपको लगता है कि <u>आपकी स्थानीय रेफ़रिंग टीम</u> से आपको जो सहायता प्राप्त हुई है, वह <u>आपके प्रत्यारोपण के बाद की</u> आपकी भावनात्मक/मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं को पूरा करती है?**

| | पूरी तरह से असहमत | असहमत | ना तो सहमत ना ही असहमत | सहमत | पूरी तरह से सहमत | लागू नहीं है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष में | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| प्रथम वर्ष के अंत से लेकर आज तक | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

**20. आपकी भावनात्मक/मनोवैज्ञानिक रूप से सहायता प्राप्त करने के मुख्य स्रोत (आपके परिवार और दोस्तों के अलावा) क्या थे?**

| | सभी पर निशान लगाएं जो लागू हो |
|---|---|
| प्रत्यारोपण समन्वयक/विशेषज्ञ नर्स | ○ |
| प्रत्यारोपण टीम के अन्य सदस्य | ○ |
| सहकर्मी (कोई व्यक्ति जिसका प्रत्यारोपण हुआ हो) | ○ |
| परोपकारी समूह | ○ |
| सलाहकार | ○ |
| नैदानिक मनोविज्ञानी | ○ |
| GP | ○ |
| मनोचिकित्सक | ○ |
| उपरोक्त में से कोई नहीं | ○ |

**कृपया हमें बताएं कि क्या आपको किसी अन्य स्रोत से भावनात्मक/मनोवैज्ञानिक रूप से सहायता प्राप्त हुई है?**

**21. आप किस प्रकार से भावनात्मक/ मनोवैज्ञानिक सहायता प्राप्त करना पसंद करेंगे?**

कृपया प्राथमिकता के क्रम में रैंक दें, जहां 1 आपकी सबसे पसंदीदा है और 7 आपकी सबसे कम पसंदीदा है।

**यदि आपको नहीं लगता कि आपको किसी भी प्रकार की भावनात्मक/मनोवैज्ञानिक सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया प्रश्न 23 पर जाएं।**

| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फेस टू फेस/ वन टू वन | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| फेस टू फेस/समूह में | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| टेलीफोन/वीडियो - वन टू वन | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| टेलीफोन/वीडियो - एक समूह में | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| ऐप या वेब-आधारित स्व-सहायता | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| ऐप या वेब आधारित, किसी स्वास्थ्य पेशेवर द्वारा निर्देशित | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| लिखित सामग्री जैसे कि पत्रक | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |

**22. क्या आपके पास इस बारे में कोई अन्य टिप्पणी है कि आपके अनुभव में क्या सुधार हुआ होगा? कृपया इस बारे में सुझाव शामिल करें कि आपने किस प्रकार की भावनात्मक/मनोवैज्ञानिक सहायता का चयन किया होगा, जैसे कि सहकर्मी सहयोग, परामर्श, माइंडफुलनेस तकनीक।**

## अनुभाग 4

**प्रत्यारोपण केंद्र और यात्रा**

इस अनुभाग में मरीजों के उनके प्रत्यारोपण केंद्र की यात्रा के अनुभवों के बारे में पता लगाया जाता है।

**23. कृपया हमें अपने प्रत्यारोपण केंद्र पर जाने के अपने अनुभवों के बारे में बताएं।**

क्या आपको अपने प्रत्यारोपण केंद्र तक जाने में कोई कठिनाई होती है?

| हाँ | नहीं | पता नहीं |
|---|---|---|
| ○ | ○ | ○ |

**यदि आपका उत्तर हां है, तो कृपया विवरण प्रदान करें।**

## अनुभाग 5

**प्रत्यारोपण के बाद की देखभाल**

कोविड-19 महामारी ने सेवाएं प्रदान करने के तरीके को बदल दिया है, कई प्रत्यारोपण केंद्र क्लिनिक में फेस टू फेस अपॉइंटमेंट करने के विकल्प के रूप में 'नियर मी' या टेलीफोन परामर्श जैसे वीडियो परामर्श की पेशकश करते हैं।

'नियर मी' एक गोपनीय और सुरक्षित सेवा है जो मरीजों को वीडियो कॉल का उपयोग करके उनके पूर्व-निर्धारित अपॉइंटमेंट में उपस्थित होने की अनुमति देती है।

दूरस्थ परामर्श द्वारा प्रत्यारोपण के रोगियों के लिए सेवाओं तक उनकी पहुंच को बेहतर बनाया जा सकता है और अपॉइंटमेंट के लिए यात्रा करने की आवश्यकता को कम किया जा सकता है।

यह अनुभाग प्रत्यारोपण रोगियों पर इन परिवर्तनों के प्रभाव का पता लगाता है और भविष्य में सेवाएं प्रदान करने के सर्वोत्तम तरीके पर विचार करता है।

**24. डिजिटल पहुंच**

| | हाँ | नहीं | लागू नहीं |
|---|---|---|---|
| क्या आपके घर पर इंटरनेट की सुविधा है? | ○ | ○ | ○ |
| यदि नहीं, तो क्या कोई और जगह है जहां आप इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं? | ○ | ○ | ○ |
| क्या आपके पास लैपटॉप/टैबलेट/मोबाइल फोन के माध्यम से इंटरनेट तक पहुंच है? | ○ | ○ | ○ |
| क्या आप दूरस्थ परामर्श (जैसे कि नियर मी) के लिए उपयोग की जाने वाली IT प्रणालियों तक पहुंचने में सक्षम हैं? | ○ | ○ | ○ |

**यदि आपको दूरस्थ परामर्श के लिए उपयोग की जाने वाली प्रणालियों तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है, तो कृपया इसके कारण बताएं।**

**25. दूरस्थ परामर्श**

**कृपया हमें वीडियो (नियर मी) या टेलीफोन परामर्श के उपयोग के संबंध में अपने अनुभवों के बारे में बताएं।**

| | हाँ | नहीं | लागू नहीं |
|---|---|---|---|
| क्या दूरस्थ वीडियो परामर्श सहायक रहे हैं? | ○ | ○ | ○ |
| क्या टेलीफ़ोन परामर्श सहायक रहे हैं? | ○ | ○ | ○ |
| क्या आपको लगता है कि प्रत्यारोपण केंद्र में फेस टू फेस होने वाली आपकी अनुवर्ती कार्रवाई उचित रूप से की जाती है? | ○ | ○ | ○ |
| क्या आप दूरस्थ अपॉइंटमेंट और फेस टू फेस अपॉइंटमेंट का मिश्रण पसंद करेंगे? | ○ | ○ | ○ |

**26. विकल्प**

क्या आपको फेस टू फेस क्लिनिक या दूरस्थ अपॉइंटमेंट लेने के बीच किसी एक को चुनने का विकल्प दिया गया है?

| हाँ, हमेशा | हाँ, कभी-कभी | नहीं | लागू नहीं है |
|---|---|---|---|
| ○ | ○ | ○ | ○ |

**27. क्लिनिक में फेस टू फेस अपॉइंटमेंट लेने का, यदि कोई हो, तो क्या लाभ है?**

**28. क्या आपके पास इस बारे में कोई टिप्पणी है कि आपके लिए सबसे अच्छा क्या रहेगा?**

## अनुभाग 6

### दूरस्थ निगरानी

प्रत्यारोपण के रोगियों की नियमित रूप से निगरानी की जानी चाहिए, जिसमें यह जांच करने के लिए कि आपका नया अंग कैसे काम कर रहा है, रक्त परीक्षण तथा इम्यूनोसप्रेसेन्ट दवा के स्तर का परीक्षण भी शामिल है।

इस अनुभाग के द्वारा प्रत्यारोपण के बाद की निगरानी के संबंध में मरीजों की प्राथमिकताओं का पता लगाया जाता है।

**29. प्रत्यारोपण से संबंधित रक्त परीक्षण**

क्या आप स्थानीय स्तर पर रक्त परीक्षण कराने में सक्षम हैं?

| हाँ | नहीं | पता नहीं/लागू नहीं |
|---|---|---|
| ○ | ○ | ○ |

यदि आपका उत्तर हां है, तो आप सामान्यतः अपना रक्त परीक्षण कहां कराएंगे?

| GP | ○ | सामुदायिक केंद्र | ○ | स्थानीय विशेषज्ञ केंद्र/स्थानीय अस्पताल | ○ |
|---|---|---|---|---|---|

**क्या कोई अन्य जगह है जहां आप अपना रक्त परीक्षण कराने के लिए जाएंगे?**

**30. दूरस्थ निगरानी प्रणाली**

क्या आप किसी दूरस्थ निगरानी प्रणाली (जैसे रक्तचाप, हृदय गति स्पिरोमेट्री) का उपयोग करते हैं?

| हाँ | नहीं | पता नहीं |
|---|---|---|
| ○ | ○ | ○ |

**यदि आपका उत्तर हां है, तो कृपया आपके द्वारा उपयोग की जाने वाली दूरस्थ निगरानी प्रणाली के प्रकार के बारे में नीचे और अधिक जानकारी दें।**

**31. क्या इस बारे में आपकी कोई टिप्पणी है कि आपके लिए सबसे अच्छा क्या रहेगा?**

Scottish Government
Riaghaltas na h-Alba

© Crown copyright 2023

OGL

This publication is licensed under the terms of the Open Government Licence v3.0 except where otherwise stated. To view this licence, visit **nationalarchives.gov.uk/doc/open-government-licence/version/3** or write to the Information Policy Team, The National Archives, Kew, London TW9 4DU, or email: **psi@nationalarchives.gsi.gov.uk**

Where we have identified any third party copyright information you will need to obtain permission from the copyright holders concerned.

This publication is available at **www.gov.scot**

Any enquiries regarding this publication should be sent to us at

The Scottish Government
St Andrew's House
Edinburgh
EH1 3DG

ISBN: 978-1-83521-366-7

Published by The Scottish Government, September 2023

Produced for The Scottish Government by APS Group Scotland, 21 Tennant Street, Edinburgh EH6 5NA
PPDAS1338882 (09/23)